हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 फरवरी 2026



04 अधिवक्ता साथी की हत्या के विरोध में किया...



07 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्ग दर्शन...



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज लटेरी में आयोजित

**विदिशा।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 17 फरवरी को लटेरी में जिला स्तरीय जनसुनवाई होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कार्यक्रम आजीविका भवन में 11 बजे से शुरू होगा। अधिकारी मौके पर आवेदकों की सुनवाई कर त्वरित निराकरण करेंगे। जनसुनवाई के बाद अधिकारी पांच गांवों का भ्रमण कर योजनाओं, निर्माण कार्यों और हितग्राही लाभ की स्थिति की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### देह का दान, राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई

**विदिशा।** दुर्गानगर निवासी बागेश्वर मिश्रा की पार्थिव देह का दान मेडिकल कॉलेज को किया गया। मिश्रा पिछले कई वर्षों से विशाल तिवारी के यहां सहयोगी के रूप में रहकर शेरपुरा स्थित दुकान पर कार्यरत थे। उनका निधन भोपाल के हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान हुआ। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित शोकसभा में चिकित्सकों, तिवारी परिवार और मित्रों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा।

### मेलों में बनेंगे आधार और आयुष्मान कार्ड

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले के सभी मेलों में आमजन के लिए आधार और आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को उपकरण, प्रशिक्षित स्टाफ और समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। जिनके आधार में त्रुटियां हैं उनका सुधार भी किया जाएगा। अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### स्कूल परिसरों में बनेंगे नए आंगनबाड़ी भवन

**विदिशा।** जिले में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन अब प्राथमिकता से स्कूल परिसरों में ही बनेंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों और तहसीलदारों को भूमि चयन व आवंटन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में संचालन से बच्चों को सुरक्षित वातावरण, प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ाव और बेहतर निगरानी का लाभ मिलेगा। निर्माण कार्य गुणवत्ता और समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।

### सत्ताखेड़ी जाजौन में शिविर लगाया गया

**विदिशा।** सहरिया जनजाति के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से धरती आबा अभियान अंतर्गत ग्राम सत्ताखेड़ी जाजौन में शिविर आयोजित किया गया। राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा कृषि विभाग के अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार किए।

### 21 तक मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

**विदिशा।** मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला पंचायत के मार्गदर्शन में 16 से 21 फरवरी तक मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आयोजित होगा। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी द्वारा किया जाएगा, जिसमें विभिन्न ग्रामों से चयनित 41 प्रशिक्षणार्थी शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण में कच्चा माल तैयारी, स्पॉन उपयोग, उत्पादन तकनीक, रखरखाव, रोग नियंत्रण, कटाई, भंडारण और विपणन पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रतिभागियों को स्वरोजगार अपनाकर आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

---

### मुख्य सचिव की बैठक से पहले कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लिया

## आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सख्त, समय पर निराकरण के निर्देश

***19 फरवरी को प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंस को लेकर कलेक्टर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समयसीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे जबकि तहसीलों में नियुक्ति अधिकारियों से कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की है।***

**पंचायत से सुशासन तक सभी प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा**



विदिशा। कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयसीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

19 फरवरी को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस की जानी है। जिसकी तैयारियां की जा रहीं हैं। बैठक में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की प्रगति पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग अंतर्गत नवीन सत्र में नामांकन वृद्धि, की जाए। ड्रॉपआउट में कमी लाई जाए एवं कक्षा-1 में प्रवेश योजना पर जोर दिया जाए। उन्होंने पुस्तकों के परिवहन दर निर्धारण पर भी जोर दिया। इसी तरह आंगनबाड़ी-प्री-प्राइमरी प्रवेश अधिक संख्या में करने के लिए कहा गया। बैठक के दौरान उन्होंने बालिका शौचालय निर्माण एवं मरम्मत जैसे विषयों पर प्रगति रिपोर्ट देखी। वहीं रोजगार, उद्योग एवं निवेश से जुड़े बिंदुओं में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, कौशल विकास, एक जिला-एक उत्पाद, जिला व्यापार सुधार तथा औद्योगिक प्रोत्साहन उपायों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सहभागिता की। कलेक्टर ने समयसीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

#### इन विषयों को लेकर कलेक्टर ने की चर्चा

बैठक के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनजातीय कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), एकल नल-जल योजनाएं, लखपति दीदी हेतु बैंक ऋण वितरण, वन अधिकार अधिनियम के निरस्त दावों का पुनः परीक्षण तथा नर्मदा परिक्रमा पथ एवं पंचकोशी यात्रा मार्ग पर सुविधाओं के विकास की स्थिति की समीक्षा की गई। राजस्व, लोक सेवा प्रबंधन, सीएम हेल्पलाइन निराकरण, स्वामित्व योजना, ई-ऑफिस उपयोग, भू-अधिग्रहण, कानून-व्यवस्था, साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा, एनसीओआरडी बैठकें तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार प्रकरणों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

---

## बेतवा में प्रदूषण और शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर एनजीटी में याचिका दायर

**गंदे नाले मिलने के कारण चरणतीर्थ घाट पर बुरी तरह से प्रदूषित हो चुकी है बेतवा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेतवा नदी में शहर के चोर घाट नाला और पीलिया नाले से मिल रहे सीवेज के कारण बढ़ते जल प्रदूषण को लेकर कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह राठौड़ ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण में याचिका दायर की है।

यह याचिका देवेंद्र सिंह राठौड़ बनाम नगर पालिका विदिशा शीर्षक से प्रस्तुत की गई, जिसमें बेतवा नदी में हो रहे सीवेज मिश्रण को तत्काल रोकने तथा शहरवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के साथ अतुल तिवारी, इस्माइल खान, संजीव शर्मा, तीरथ सिंह दरबार, महेंद्र यादव, नीरज चौरसिया, सविता कटारे, विवेक ठाकुर, सुंदर सिंह दांगी, राजकुमार पासी, पंडित निखिल बंटी महाराज, सुजीत देवलिया, बृजेंद्र सिंह परमार, डॉ. यशिमता गुप्ता, डॉ. अनीता सिंह, संजय तिवारी और मनोज श्रीवास्तव सहित कई नागरिकों के नाम शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नालों के अनियंत्रित प्रवाह से नदी का जल प्रदूषित हो रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

याचिकाकर्ताओं ने अधिकरण से शीघ्र सुनवाई कर आवश्यक निर्देश जारी करने तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की अपील की है।

### समाधान ऑनलाइन में कृषि विभाग अव्वल

**विदिशा।** कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग से प्राप्त 601 शिकायतों में से 598 का निराकरण कर 98 .67% उपलब्धि हासिल की है। खनिज, नगर एवं ग्राम निवेश तथा श्रम विभाग ने शत-प्रतिशत निराकरण दर्ज किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 76 .34 प्रतिशत तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 83 .43% प्रगति प्राप्त की है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने 96 .15% शिकायतों का निराकरण किया। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से समय-सीमा में निपटाने के निर्देश दिए हैं।

---

## शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या का विदिशा में विरोध

### वकीलों ने की प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग



विदिशा। ज्ञापन देने अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शिवपुरी जिले की करेरा तहसील में एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में सोमवार को विदिशा जिला अभिभाषक संघ ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस घटना के विरोध में अभिभाषक संघ के पदाधिकारी और अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि 14 फरवरी को शिवपुरी की करेरा तहसील में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। संघ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता अनिल जैन, खिलान सिंह रघुवंशी, संजय प्रधान, सीमा सोलंकी, मंजरआलम कुरैशी, दीपक वाजपेयी, राजकुमार तिवारी, मनोज दुबे आदि मौजूद रहे।

#### पहमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे उनमें असुरक्षा की भावना है। उन्होंने मांग रखी कि मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा और एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए। संघ ने प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की, ताकि भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। संघ के सचिव राजेंद्र सिंह दांगी ने ज्ञापन में चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में आंदोलन और उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### 2505 नई पात्रता पर्ची जारी, सिरोंज अव्वल

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने हेतु जारी नई पात्रता पर्चियों की समीक्षा की। दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक कुल 2505 पर्चियां जारी हुईं, जिनमें दिसंबर में 633, जनवरी में 734, फरवरी में 544 और मार्च में 594 शामिल हैं। स्थानीय निकायों में सिरोंज जनपद पंचायत 483 पर्चियों के साथ प्रथम रहा, जबकि बासौदा, नटेरन, लटेरी और कुरवाई भी प्रमुख रहे। प्रशासन ने प्रक्रिया सरल बनाकर पात्र परिवारों को समय पर खाद्यान्न व योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

## जमीन पर संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं को मिलेगा संगठन में स्थान

### जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर मंथन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कपूर गार्डन में सोमवार को जिला कांग्रेस समन्वय समिति की संगठनात्मक बैठक हुई।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व मप्र सह प्रभारी संजय दत्त मौजूद रहे। उनके साथ जिला प्रभारी पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी भी मौजूद थे। बैठक में पूर्व विधायक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्षों और विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस



दौरान संगठन को मजबूत बनाने, ग्राम व वार्ड स्तर की समितियों के गठन तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने पर भी जोर दिया गया।

#### राजनीतिक नुकसान की आशंका जताई


कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने एसआईआर प्रक्रिया में सतर्कता नहीं बरतने पर राजनीतिक नुकसान की भी आशंका जताई। मुख्य अतिथि संजय दत्त ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदेश में विदिशा जिले को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रखा है और यहां के संगठन में विशेष रुचि ली जा रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष करने वालों को ही संगठन में सम्मान मिलेगा और सत्ता लोभ में पार्टी छोड़ने वालों की वापसी पर विचार नहीं होना चाहिए।

---

## जेईई मेंस के परिणाम घोषित: विजेंद्र सिंह अकादमी के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

### 30 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल से ऊपर अंक प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



जेईई मेंस 2026 के जनवरी सत्र का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें विजेंद्र सिंह अकादमी ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम देते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया है। अकादमी से 30 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रमुख सफल विद्यार्थियों में देव साहू 99.75% सहज प्रजापति 99.20%, राज लोधी 99% सौम्या गुप्ता 98.86%, नितिन साहू 98.83%, कुशाग्र पाल 98.22%, आर्यन तिवारी 98.10% और अर्थ जैन 97.74% शामिल हैं। इसके अतिरिक्त संयम जैन, अतेंद्र चौरसिया, सुभिक्षा यादव, उपलक्ष्य किरार, मिलर शर्मा, मयंक परमार, कृष्णा कुशवाह तथा नैतिक ने भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

संस्था के संचालक विजेंद्र सिंह ने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासित अध्ययन और सही मार्गदर्शन से ही ऐसे श्रेष्ठ परिणाम संभव होते हैं। उत्कृष्ट उपलब्धियों के साथ अकादमी ने अपनी विश्वसनीय पहचान बनाई है।





---

## सागर की घटना पर विदिशा में आक्रोश, दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग




विदिशा। धानुक समाज ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

धानुक समाज सेवा समिति एवं बैंड बाजा यूनियन ने सोमवार को संयुक्त रूप से कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में 12 फरवरी को सागर के मोती नगर थाना क्षेत्र में हुई नाबालिग ढोल कलाकार विवेक धानुक की गोली मारकर हत्या की घटना पर कठोर कार्रवाई की मांग की। संगठनों ने आरोप लगाया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई और पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता भी नहीं मिली है।

राजेंद्र कुमार बंसल और कमल मौर्य ने बताया कि ज्ञापन में 1 करोड़ रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी तथा बैंड-बाजा कलाकारों की सुरक्षा के लिए ठोस नियम बनाने की मांग की गई प्रदर्शन में समाज के पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे। धानुक समाज के संगठनों ने चेतावनी दी कि शीघ्र न्याय नहीं मिलने पर शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रखा जाएगा।

---

### सर्वधर्म समभाव संगोष्ठी में वक्ताओं ने साझा की एकता की भावना

## सूफी मत प्रेम और सौहार्द्र का संदेश देता है: शाहिद

**स्वागत भाषण में हुए सर्वधर्म समभाव की रूपरेखा प्रस्तुत की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार को गांधी सुमिरन मंच और जिला सर्वोदय संघ द्वारा सर्वधर्म समभाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उर्दू बज्म विदिशा के अध्यक्ष शाहिद अली शाहिद ने कहा कि सूफी मत प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश देता है, जिसकी परंपरा पैगंबर मोहम्मद के समय से जुड़ी



मानी जाती है। उन्होंने बताया कि 11वीं सदी में चिश्ती संप्रदाय के आगमन के साथ सूफी विचारधारा का व्यापक प्रचार हुआ। कार्यक्रम में साहित्यकार सुलखान सिंह हाड़ा ने प्रस्तावना रखी, जबकि डॉ. सुरेश गर्ग ने स्वागत भाषण देते हुए सर्वधर्म समभाव की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. अरविंद द्विवेदी ने सर्वधर्म प्रार्थना का गायन किया और संचालन प्रो. केके पंजाबी ने किया। संगोष्ठी में विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक और पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। अंत में दिवंगत साथी लक्ष्मीकांत उपेंद्र कलुस्कर को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान गांधी भवन भोपाल के कार्यालय मंत्री अंकित मिश्रा, ट्रस्टी मोहन दीक्षित, सर्वोदय मंच के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, प्रोफेसर राजितराम द्विवेदी, धर्मनारायण चतुर्वेदी, गीतकार मयंक श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, नरेंद्र ठाकुर, रितेश साहू, डॉ कुसुम गर्ग, डॉ परमानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5490
सरसों
न्यूनतम भाव-4080
उच्चतम भाव-6300
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5336
मसूर
न्यूनतम भाव-3821
उच्चतम भाव-6261
ज्वार
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-5500
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-1526
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3280
धान
न्यूनतम भाव-1480
उच्चतम भाव-4350
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4200
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6000
गेहूं
न्यूनतम भाव -2100
उच्चतम भाव- 3022
धनिया
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव-9000
तुअर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-6740
मूंग
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-4600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5977 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## अभिभाषक न्यायिक कार्य से रहे विरत, पीड़ितों को मदद की रखी मांग

# अधिवक्ता साथी की हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सोमवार को नगर के अभिभाषकों ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर एकजुट होकर अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और पिछले दिनों शिवपुरी के करैरा में हुई अधिवक्ता की हत्या के आरोपियों को कठोर दंड, पीडित परिजनों को मुआवजा एवं शासकीय नौकरी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम अनुभा जैन को सौंपा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शिवपुरी के करैरा तहसील में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की पुरानी रंजिश पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर सोमवार को अभिभाषक संघ के तत्वावधान में नगर के सभी अधिवक्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ता जयस्तंभ चौक पर एकत्रित हुए और इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने एवं पीडित परिजनों को सहायता देने की मांग रखी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जयस्तंभ चौक से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकाला और तहसील पहुंचकर एसडीएम अनुभा जैन को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि दो दिवस पूर्व दिनांक 14.02.2026 को शिवपुरी जिले के अन्तर्गत करैरा तहसील में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सैना अपनी मोटर साइकिल से अभिभाषक की गणवेश में अपने घर से (कोर्ट) न्यायालय की और जा रहे थे, उक्त रास्ते में घात लगा कर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोली-वारी कर अधिवक्ता संजय कुमार सक्सैना की हत्या कर दी है। इससे पूरे अधिवक्ता समुदाय में अत्यधिक रोष उत्पन्न है। पूरे मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले पर हमले हो रहे हैं। अधिवक्ता संजय कुमार सक्सैना के द्वारा एक जमीनी विवाद के मुकदमे को जीत लिया गया था, इसी बात को लेकर एडवोकेट की सुपारी देकर हत्या कराई गई है। इस कारण स्टेट बार कांउसिल के तत्वाधान में सभी अधिवक्तागणों ने सोमवार दिनांक 16 फरवरी को अर्थात एक दिवस के लिये न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। हम सभी अधिवक्ताओं की मांग है कि अधिवक्ता संजय कुमार सक्सैना के परिवारजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाये एवं उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जावे एवं इस प्रकार के हमलों की पुनवृत्ति न हो इसके लिये ठोस कदम उठाये जावे तथा तत्काल प्रभाव से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावे। साथ ही संजय कमार सक्सैना एडवोकेट की हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कडी कानूनी कार्रवाई की जाए। हमारी उक्त मांगों को तत्काल स्वीकार किया जावे अन्यथा प्रदेश के हजारों अधिवक्ता भोपाल में अनशन एवं प्रदर्शन की कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमान सिंह ठाकुर सहित बडी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## शिविर में हुई 91 नेत्ररोगियों की जांच 43 को ऑपरेशन के लिए भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय दादी मां मुल्लेबाई स्वर्गीय पिता हजारीलाल, मां रामकली बाई ताम्रकार की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र सुरेश चंद ताम्रकार एवं ताम्रकार परिवार बासौदा के सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में 16 फरवरी सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया।

शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए हितेश मिचलानी ने 91 मरीजों की ओपीडी की। इसमें से 43 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 35 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 13 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, प्रकाश माहेश्वरी, हेमंत राय, दयाशंकर जायसवाल, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राधे श्याम साहू, सतपाल तनवानी, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी , प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, सुरेश ताम्रकार, विजय भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, जितेंद्र दॉगी ,चन्द्रशेखर ताम्रकार, रवीन्द्र जैन, लाल बहादुर ताम्रकार,देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे,खेमचंद मेहता,संजू मोटवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन ने किया और आभार राजकुमार मलकानी ने माना।

## खबर संक्षेप

### घर में लगी आग, टैंकर से पाया काबू



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड नंबर 3 और 6 के बीच में स्थित आकाश पुत्र किशन के घर में सोमवार को अज्ञात कारणो चलते आग लगने से घर में काफी नुकसान हो गया। घर में से आग की लपटें और धुंआ निकलते देख पडोसियों ने उसे बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग बहुत भीषण हो चुकी थी और छप्पर भी पूरा जल चुका था। वार्ड के नागरिकों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना के बाद नगर पालिका फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई लेकिन गली में रास्ता संकरा होने के कारण घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। उसके बाद तत्काल सूचना देकर नगर पालिका से टैंकर बुलवाया गया और टैंकर के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखा गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो चुका था। इस घटना में घर मालिक आकाश को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

## जैन समाज और सब्जी मंडी व्यापारियों के बीच बनाई सहमति



**गंजबासौदा।** सोमवार को तहसीलदार अरविंद यादव, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, संजय भावसार ने पुराने मंडी परिसर पहुंचकर जैन समाज के सतीश जैन मंत्री, सतीश जैन कटारे, अशोक जैन ठेकेदार और सब्जी मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष शिवनारायण साहू और अन्य व्यापारियों के बीच सामंजस्य स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि पुराने मंडी परिसर में जैन समाज का धार्मिक आयोजन गजरथ महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर पूर्व में फल एवं सब्जी व्यापारियों ने आधा परिसर खाली रखने का निर्णय लिया था, लेकिन बाद में गजरथ महोत्सव समिति के लिए पूरे परिसर की आवश्यकता महसूस हुई। जिसको लेकर दोनों पक्षों में सामंजस्य नहीं बन पा रहा था। इसी को लेकर आज तहसीलदार अरविंद यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव आदि ने व्यापारियों एवं जैन समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा की और तय किया कि महोत्सव के आयोजन होने तक मंडी का दूसरा गेट खुला रखा जाएगा। साथ ही फल एवं सब्जी मार्केट भी नवीन अस्पताल भवन के पिछले हिस्से में संचालित होता रहेगा। इससे गजरथ महोत्सव का भी व्यवस्थित आयोजन होगा और फल एवं सब्जी व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित नहीं होगा। इस मौके पर बडी संख्या में फल एवं सब्जी व्यापारी, जैन समाज के प्रतिनिधि, नपा एवं प्रशासन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## धर्मगुरुओं व सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला आयोजित हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत धर्मगुरुओं एवं सेवा प्रदाताओं की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओ पी सनोडिया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सामुदायिक भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण में बाल विवाह रोकथाम हेतु धर्मगुरुओं एवं सेवा प्रदाताओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग विदिशा से बाल विवाह रोकथाम प्रभारी मुकेश ताम्रकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी एवम बाल विवाह के नियमों एवं प्रावधानों, चाइल्डलाइन 1098 की उपयोगिता एवम महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई । एसोसिएशन फॉर वोलंटरी एक्शन (AVA) से बाल अधिकार सहयोगी (Child Rights Associate) सुमित कुमार चौरसिया द्वारा बाल विवाह रोकथाम में धर्मगुरुओं, सेवा प्रदाताओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका , बाल विवाह से दुष्परिणाम, विधि सम्मत कार्रवाई से संबंधित जानकारी दी गई।

विभिन्न धर्मगुरुओं एवं सेवा प्रदाताओं ने अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए उनके द्वारा बताया गया कि वह किसी भी नाबालिग बच्चे के बाल विवाह में शामिल नहीं होंगे। निर्धारित आयु की पूर्ण जानकारी ली जाएगी। धर्मगुरुओं, सेवा प्रदाताओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बाल विवाह से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर मुकेश ताम्रकार द्वारा दिए गए। कार्यक्रम में धर्मगुरुओ, सेवा प्रदाताओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलायी गई।

## उमा यश अकादमी में संपन्न हुआ वार्षिक महोत्सव, विद्यार्थियों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को त्योंदा रोड स्थित उमा यश अकादमी हाई स्कूल विद्यालय में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो सदस्य राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ,क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ,पंडित हरिओम दुबे, त्रिवेश लोधी एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी एवं रामकृष्ण रघुवंशी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनमे गणेश वंदना गुरुकुल शिक्षा से लेकर आधुनिक शिक्षा तथा भारत की संपूर्ण संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां शामिल रहीं। ऑपरेशन सिंदूर, मिशन चंद्रयान 3 आदि प्रेरणादायक प्रस्तुतियां नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गईं।

विद्यालय के वार्षिक महोत्सव में जब छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों की छटा बिखेरी तो समस्त पालक गण और अतिथि भाव विभोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व पूजन से हुई। कार्यक्रम में गत वर्ष हुई खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीम तथा बच्चों को मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो एवं विद्यालय संचालक बृजेश रघुवंशी, रवीना रघुवंशी तथा अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया और मुख्य अतिथि प्रियंक द्वारा विद्यालय के बच्चों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल के 10 प्रभावों के बारे में बड़े ही अच्छे ढंग से समझाया गया और बताया गया कि, मोबाइल का उपयोग कब और कितना करना चाहिए। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने स्कूल प्रबंधन एवं नन्हे मुन्ने बच्चों को सफल आयोजन की बधाई दी एवं बच्चों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अतिथि पंडित हरि ओम दुबे ने बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजनों से निश्चित ही बच्चों का समग्र विकास होता है। सभी विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। आयोजन का संपूर्ण मंच संचालन छोटी-छोटी छात्राओं आस्था रघुवंशी, सिद्धि रघुवंशी छाया मीना और पूनम छारी के द्वारा किया गया जो कि नगर में चर्चा और बड़े ही प्रशंसा का विषय रहा। अंत में विद्यालय संचालक बृजेश रघुवंशी एवं विद्यालय की प्राचार्य पूजा दांगी एवं शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा समस्त पधारे हुए अतिथियों, मीडिया कर्मियों एवं पालकगणों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में विद्यालय परिवार की प्राचार्य पूजा दांगी, शैलेंद्र रघुवंशी, रचना मीणा, प्रेरणा महावर, आरती कुर्मी, अवंतिका रघुवंशी, खेल प्रशिक्षक मनीष अहिरवार, नृत्य शिक्षिका अंजलि अहिरवार, छाया कुशवाह, मोना कुर्मी, शिल्पी दांगी, अवंतिका अहिरवार, ज्योति कुशवाहा आदि की भूमिका रही।



### आगामी 14 मार्च को होगी प्रथम नेशनल लोक अदालत आयोजित

## नेशनल लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश के पालन में 14 मार्च 2026 को इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर बासौदा में किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैक रिकवरी संबंधी मामले, एम०ए०सी०टी० प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सोमवार 16 फरवरी को विभिन्न विभागों के अधिकारीगण की बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजित बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा की गयी। जिसमें राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा सहित थाना शहर बासौदा, देहात बासौदा, शमशाबाद, नटेरन, त्योंदा, गुलाबगंज से थाना प्रभारी एवं एसआई, एएसआई एवं नगरपालिका, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग व बैंको के अधिकारीगण उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में उपस्थित बैंको के शाखा प्रबंधकों एवं नगरपालिका, विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारीगण से अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाने एवं अपने अपने स्तर पर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके एवं उपस्थित थाना प्रभारियों को न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में जारी नोटिसों की तामीली कराये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही विद्युत विभाग से उपस्थित अधिकारी से चिन्हित प्रकरणों के संबंध जानकारी ली गयी एवं अधिक से अधिक प्रकरणों में नोटिस जारी किये जाने हेतु उन्हें भी निर्देशित किया गया।

## रुद्राभिषेक, शिव बारात और छप्पन भोग से शिवमय हुआ मठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भक्ति, श्रद्धा और आस्था जब एक साथ बहती हैं, तब पर्व उत्सव नहीं, अनुभूति बन जाता है। यह दृश्य महाशिवरात्रि की पावन रात्रि में सावरकर चौक स्थित मनकामेश्वर और दूधेश्वर महादेव के एक साथ हुए अभिषेक में जीवंत होते दिखाई दी। जहाँ एक एक साथ संपन्न हुए महादेव के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए चार पहर के अभिषेक ने वातावरण को शिवमय कर दिया। चार पहर के रुद्राभिषेक, के साथ-साथ शिव बारात और छप्पन भोग अर्पण के साथ श्रद्धालुओं का विश्वास और समर्पण हर क्षण गहराता गया। वहीं मंदिर परिसर में आयोजित शिव–पार्वती विवाह उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

भगवान शिव की बारात सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर से निकली, जो नगर भ्रमण करते हुए मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच भक्तजनों ने शिव बारात का आत्मीय अभिनंदन किया। नगर के सावरकर चौक स्थित करीब साढे आठ सौ साल प्राचीन ऐतिहासिक केशरगिर मठ परिसर इस महाशिवरात्रि पर आस्था का जीवंत संगम बनकर उभरा। एक ही मठ में विराजित मनकामेश्वर महादेव और दूधेश्वर महादेव दोनों का एक साथ वैदिक विधि-विधान से अभिषेक किया गया। भोर की पहली आरती से लेकर रात्रि के अंतिम पहर तक "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता रहा। धूप-दीप की सुगंध, शंख-घड़ियाल की नाद और मंत्रोच्चार से पूरा मठ परिसर शिवमय हो उठा। मनकामेश्वर महादेव के चार पहर के रुद्राभिषेक का आचार्यात्व पं. हरिओम दुबे शास्त्री ने किया। उनके मार्गदर्शन में पं. सीताराम शर्मा, पं. दिनेश शर्मा, पं. जगदीश शर्मा एवं पं. शिवकिशोर मिश्र ने यजमान मनीष अरोड़ा एवं देवेंद्र रघुवंशी से महादेव का विधिवत अभिषेक संपन्न कराया। प्रत्येक पहर में अलग-अलग द्रव्य दूध, दही, घी, मधु, शहद, गंगाजल, बेलपत्र और पुष्प अर्पित किए गए। मठ परिसर में मौजूद दूधेश्वर महादेव का अभिषेक मंदिर के पुजारी पं.आशीष गोस्वामी शास्त्री के आचार्यातत्व में यजमान विक्की, सूरज, भानू, पवन, मुकेश शर्मा, मोनू यादव और रंजीत सिंह राजपूत ने सहभागिता की। भगवान शिव को छप्पन भोग अर्पित किए गए।

महादेव के अभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने नगर-कल्याण, शांति और परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि की मौके पर गत रात्रि भगवान महादेव की अनूठी शिव बारात नगर में कई स्थानों से निकली। प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर मठ पर शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव पार्वती विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बारात मुरलीमनोहर मन्दिर से मनकामेश्वर महादेव मंदिर सावरकर चौक पर सम्पन्न हुई मन्दिर में सभी भक्तजनों ने धूमधाम से बारात का स्वागत किया। मंत्रों द्वारा विधि पूर्वक विवाह सम्पन्न कराया। बारात में सम्मिलित मन्दिर पुजारी विष्णुगिरी गोस्वामी, उमेश गिरी गोस्वामी, विक्की, सूरज, भानू, पवन, मुकेश शर्मा, मोनू, सचिन शर्मा, वर्षा सोलंकी, शीतल गोस्वामी, सेजल गोस्वामी, मंजू एवं बड़ी संख्या में शिव भक्त सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### एंबुलेंस न मिलने से बढ़ी चिंता

**ग्यारसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर में सोमवार को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठ गए, जब गंभीर मरीज को रेफर किए जाने के बावजूद करीब दो घंटे तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। सांस लेने में तकलीफ होने पर दीनदयाल कुशवाहा को अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उच्च केंद्र भेजने की तैयारी हुई, लेकिन वाहन न मिलने से देरी हुई। सूचना पर जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद राजपूत अस्पताल पहुंचे तथा बीएमओ डॉ. नत्थी अहिरवार से तीखी चर्चा की। बीएमओ ने ड्राइवर की कमी और 108 एंबुलेंस रास्ते में होने की बात कही, साथ ही जनप्रतिनिधियों पर अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी। इधर, वर्षों से निष्क्रिय खड़ी एंबुलेंस को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।

### क्षीर धारा योजना के प्रथम चरण में 53 ग्राम चयनित

**विदिशा।** जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों की आय सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित क्षीर धारा योजना के प्रथम चरण में 53 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों को विकसित कर क्षीर धारा ग्राम के रूप में स्थापित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत पशुओं की नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती, संतुलित आहार-पोषण तथा आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजना का उद्देश्य ग्राम स्तर पर दूध उत्पादन में वृद्धि करते हुए पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय बनाना है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। आगामी तीन वर्षों में जिले के सभी ग्रामों को चरणबद्ध रूप से क्षीर धारा ग्राम के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपलब्धि के आधार पर ग्रामों का प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में वर्गीकरण भी किया जाएगा।

## निर्विघ्न रूप से पेपरलेस निर्वाचन संपन्न कराने में मिला सागर को सम्मान

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्ग दर्शन में सागर ने मध्यप्रदेश में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के मार्गदर्शन में राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत सागर में स्थानीय निर्वाचन पेपरलेस के रूप में निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने पर निर्वाचन भवन मध्यप्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग के 32 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर को आयुक्त राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, डॉ आर परशुराम, ओपी रावत, सिद्धार्थ सेठ सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32 वें स्थापना दिवस के अवसर पर निर्वाचन भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उनके निर्वाचन की टीम को राज्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सागर जिले के लिए गौरव की बात है जब मध्यप्रदेश में सागर ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के मार्गदर्शन में यह परचम फहराया है। आज सागर सहित दमोह एवं बैतूल के जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर संभाग कमिश्नर श्री अनिल सुचारी ने सागर, दमोह के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को बधाई, शुभकामनाएं दी हैं।

कलेक्टर ने बताया कि राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा विगत दिनों सागर की तीन जनपद पंचायतों में चार सरपंच पद के चुनाव पेपरलैस विधि के माध्यम से संपन्न कराए गए थे जिसमें जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत हलउ में दो मतदान केन्द्र, जैसीनगर जनपद पंचायत के दो ग्राम पंचायत औरिया एवं अगरा में दो-दो मतदान केन्द्र एवं राहतगढ़ जनपद पंचायत में ग्राम पंचायत सेमरा लहरिया में तीन मतदान केन्द्र कुल नौ मतदान केन्द्रों पर पेपरलैस मतदान संपन्न हुआ था।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पेपरलेस निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी के सारे प्रपत्र कम्प्यूटर के माध्यम से भरे जाते हैं, इसी प्रकार वोटर लिस्ट भी कम्प्यूटर पर उपलब्धरहती है एवं मतदाता को वेरीफिकेशन भी कम्प्यूटर आधारित प्रणाली से किया जाता है। मतदाता रजिस्टर भी कंप्यूटर पर रहता है जिसमें मतदाता के हस्ताक्षर सिग्नेचर कैप्चर डिवाइस पर ई-पेन के माध्यम से किए जाते हैं। इस प्रकार संपूर्ण मतदान केन्द्र पर बिना पेपर कागज का उपयोग किए मतदान संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि यह निर्वाचन पायलट प्रोजेक्ट के तहत सागर जिले का चयन किया गया था जिसमें निर्विघ्न रूप से निर्वाचन को संपन्न कराया गया।



### वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मिला बाघ का शव, रेडियो कॉलर से मिली जानकारी

**सागर।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के मोहली परिक्षेत्र के मानेगांव बीट के कक्ष क्रमांक 159 में रविवार शाम 5:30 बजे एक बाघ का शव मिला। वनमंडल अधिकारी, वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व ने बताया कि उक्त बाघ को 18-19 जनवरी की दरमियानी रात को रेडियो कॉलर लगाकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर वन क्षेत्र में मुक्त किया गया था एवं तब से ही मॉनिटरिंग दल उसकी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे। विगत दो दिवसों से उस बाघ की लोकेशन एक जगह ही आ रही थी। मॉनिटरिंग दल ने नजदीक जाकर देखा तो उन्हें उक्त बाघ मृत अवस्था में मिला। अंधेरा हो जाने के कारण डॉग स्क्वायड से सर्च, अन्य अन्वेषण एवं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल अनुरूप पोस्टमार्टम किया जाएगा।



### सब्जी मंडी सागर का साप्ताहिक बंद का तीसरा सोमवार स्वेच्छा पूर्ण बंद सफल रहा

**सागर।** सब्जी मंडी तिलकगंज सागर में काफी विरोधाभासों के पश्चात फल विक्रेताओं को छोड़कर साप्ताहिक बंद पूर्ण रूप से सफल रहा।अध्यक्ष राजकुमार धामेचा और सचिव अकील अहमद ने बताया कि सम्मिलित बैठक दिनांक 11/02/2026 दिन मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश की समीक्षा का संज्ञान लेते हुए अनुमान लगा कर आदर्श थोक फल सब्जी विक्रेता संघ सागर की बाध्यता को समाप्त करने के पश्चात निष्कर्ष निकाला कि विगत दो सोमवार साप्ताहिक अवकाश रखने से जीवन को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्णता महसूस हुई। इस कारण अपनी स्वेच्छा पूर्ण थोक एवं फुटकर व्यापरियों एवं हम्मालो ने अपनी स्वेच्छा से बंद का समर्थन किया। फुटकर यूनियन के अध्यक्ष हरिराम पटेल एवं उपाध्यक्ष अकबर राईन ने बताया कि सम्मिलित बैठक होने के पश्चात फुटकर विक्रेताओं की बैठक हुई जिसमें फुटकर विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से सप्ताह में एक दिन बंद रखना स्वयं के स्वास्थ्य एवं अपने परिवार और बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिये जीवनदायनी साप्ताहिक अवकाश जारी रखने का निर्णय लिया। हम्माल यूनियन के अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने भी बैठक के पश्चात समस्त हम्मालों को एकत्रित कर बैठक की जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने शाकिर राईन को हम्माल यूनियन का संरक्षक चुना एवं तय किया गया कि श्रम अधिनियम की धारा 52 के अनुसार मानसिक एवं शारीरिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए एक दिन का अवकाश रखना आवश्यक है।



### मानव सेवा ही सच्ची सेवा है: गोपाल भार्गव

**गढाकोटा।** सागर जिले के रहली विधानसभा से पूर्व मंत्री पं .गोपाल भार्गव द्वारा चलाई जा निशुल्क गोपाल जी एंबुलेंस सेवा से क्षेत्र के मरीज कैंसर, लीवर एवं हड्डी रोग से पीड़ित 12 उपचाररत मरीजों को उनके परिजनों सहित भोपाल इलाज हेतु गढाकोटा निज निवास गणनायक से रवाना किया गया। गोपाल भार्गव ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है । इसी भाव के साथ गंभीर बीमारियों से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारा सतत प्रयास है। भोपाल में मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था पूर्ववत सुनिश्चित की गई है। ईश्वर से कामना है कि सभी मरीज शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें एवं परिवार सहित स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हों। जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

## खुरई में शिवबारात में 70 झांकियां, 16 डीजे 13 बग्गियां: 7 घंटे में 6 किलोमीटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भूतेश्वर मंदिर से भगवान शिव की शाही बारात निकाली गई। करीब 6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 7 घंटे तक चली इस बारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। स्टेशन चौराहा से परसा चौराहा तक का पूरा इलाका शिवभक्तों से भरा नजर आया।

शिव शाही शादी समिति के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस बार आयोजन को बेहद खास बनाया गया। बारात में मथुरा, जबलपुर, कटनी और सागर के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

इस वर्ष हल्दी, मेहंदी, मंगलसूत्र और वरमाला जैसी वैवाहिक रस्मों को दर्शाने वाले नौ चलित मंडप झांकियां भक्तों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। शाही बारात की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें कुल 70 झांकियां, 16 डीजे, 13 बग्गियां और 7 बैंड शामिल थे। बारात में ऋषि-मुनि, सुर-असुर, अघोरी और भूत-पिशाचों के वेश में सजे कलाकार चल रहे थे। खुले ट्रालों पर वृंदावन की रासलीला और शिव नृत्य का जीवंत प्रदर्शन हुआ, जबकि सबसे पीछे वाहन पर सवार होकर 'दूल्हे राजा' भगवान शिव की प्रतिमा नगर भ्रमण पर निकली बारात के दौरान तोप से पुष्प वर्षा और रंगीन कागजों की बारिश की गई।

### जैविक सब्जियों का विक्रय शुरू, पहले दिन 480 रुपए की हुई बिक्री

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भ्रमण निरीक्षण के दौरान पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) प्रशिक्षण केन्द्र में जैविक सब्जियों का विक्रय प्रारंभ करने के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज सोमवार से विक्रय केंद्र शुरू हुआ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। प्रशिक्षण केन्द्र के संचालक अजय परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र में तैयार की गई जैविक सब्जियों को आम नागरिकों के लिए विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है। विक्रय के पहले ही दिन नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक सब्जियों की खरीदारी की गई, जिससे कुल 480 रुपए की बिक्री दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन की तकनीक सिखाई जा रही है, जिससे वे भविष्य में इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। प्रशिक्षण केन्द्र में उगाई गई सब्जियां पूरी तरह जैविक एवं गुणवत्तापूर्ण हैं।

## गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

# सावधान! हैदरगढ़-कालापाठा रोड पर 'मौत का जाल'

**ग्यारसपुर/हैदरगढ़।** डिजिटल इंडिया के तहत बीएसएनएल द्वारा फाइबर लाइन बिछाने का कार्य जहां विकास का प्रतीक माना जा रहा है, वहीं हैदरगढ़ से कालापाठा रोड पर यही काम ग्रामीणों के लिए खतरा बन गया है। सड़क किनारे जगह-जगह गहरे गड्ढे खोदकर बिना बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतों के छोड़ दिए गए हैं, जिससे राहगीरों और बाइक सवारों के घायल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अंधेरे में यह मार्ग और भी जोखिम भरा हो जाता है, जिससे लोग अब इस रास्ते से गुजरने से कतराने लगे हैं।

### शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार विभाग और ठेकेदारों ने सुरक्षा इंतजाम नहीं किए। हाल ही में मानोरा रोड निवासी जितेंद्र अहिरवार गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए,



जिनका उपचार विदिशा मेडिकल कॉलेज में चला। पूर्व में भी एक मोटरसाइकिल चालक हादसे का शिकार हो चुका है।

### अधिकारियों ने दिया आश्वासन

नागार्जुन कंपनी के एरिया मैनेजर कृष्णकांत ने जल्द गड्ढे बंद कराने की बात कही, जबकि ग्यारसपुर नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह ने संबंधित जिम्मेदारों को अवगत कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का सवाल है क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है।

### शिवपुरी में वकील की हत्या के विरोध में अभिभाषकों की रही हड़ताल, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

विगत दिनों शिवपुरी में वकील संजय सक्सेना की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध और प्रकरण फास्ट ट्रैक न्यायालय में चलने की मांग करते हुए, अभिभाषक संघ द्वारा तहसील पहुंचकर तहसीलदार रामजीलाल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। 16 फरवरी सोमवार को सभी वकील न्यायालयीन कार्यों से विरत रहे वकील सक्सेना की हत्या कांड की निंदा की गई। ज्ञापन सौंपते समय अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर, अरविंद अग्रवाल, चंद्र कुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र दुबे सहित अन्य वकीलों एवं अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# क्षेत्र घोघरा, बारना नदियों में फैली रही गंदगी, संरक्षण का आभाव

## नदी किनारे डाली जा रही डिस्पोजल, जूठन सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर एवं अनेक ग्रामों के किनारे होकर निकली घोघरा एवं बारना नदियों का संरक्षण देखरेख न होने से नगर की भारी मात्रा में गंदगी, डिस्पोजल सामग्री और दूषित पानी घोघरा, बारना नदियों के माध्यम से 9 किमी दूर नर्मदा नदी में मिल रहा है। मैरिज गार्डन वालों द्वारा भारी मात्रा में डिस्पोजल सामग्री डाले जाने से मवेशी उन्हें खाकर बीमार और मौत का शिकार हो रही है।

दो-तीन दशक पूर्व तक जहाँ घोघरा, बारना नदियों में अथाह जल भरा रहात था, अब सिमट कर 2-3 फिट नाली के रूप में गंदगी से भरपूर दूषित पानी रहता है।

घोघरा नदी का उद्गम विंध्यांचल पर्वत में भंडारिया नामक स्थान और जंगल है। बारना नदी गोहरगंज तहसील से निकलती है। बड़ी में बांध के बाद बरेली की ओर आती और धोखेड़ा के पास बारना, घोघरा नदी का संगम है। दोनों नदियों का गंदा पानी और गंदगी सीधे नर्मदा मैया में जाती है। प्रतिदिन अधिक मात्रा में गंदगी और गंदा पानी नर्मदा मैया में प्रदूषण बढ़ा रहा है।

### नदियों किनारे अतिक्रमण खेती

घोघरा, बारना नदियों के किनारे पर कभी बड़े-बड़े आम, पीपल, कोहा, सागोन के वृक्ष हुआ करते थे। अवैध कटाई से वृक्ष समाप्त हो गये। किनारों वाली भूमियों पर लोंगों द्वारा अतिकृमण कर व्यापक स्तर पर खेती की जा रही है। कृषि फसलों में रसायनिक खाद्य जहरिले कीटनाशकों का भारी मात्रा में उपयोग होने से नदियों की भूमि और पानी दूषित जहरिला हो रहा है।

घोघरा, तेंदोनी नदियों का संरक्षण गहरीकरण किनारों पर हुआ अतिकृमण हटा कर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण से ही इन नदियों को बचाया जा सकता है। अन्यथा दोनों नदियां इतिहास और किस्से कहानी रह जाएगी।

# भोपाल जाने का कहकर घर से निकले मेहरा का मिला लाश

## संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

गुरारिया रोड़ पर नहर के पास एक लाश मिलने से हडक़ंप मचा रहा बाद में मिली लाश की पहचान वार्ड क्रमांक 8 गल्ला मंडी के पास रहने वाले रघुवीर प्रसाद मेहरा उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई, लाश मिलने की पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस द्वारा पीएम करवा कर मौत के कारणों की जांच की जा रही है। लाश के पास जहर की डिब्बी मिलने से आत्महत्या किए जाने की शंका बनी हुई है। पुलिस को मृतक के पुत्र कमलेश मेहरा ने मौखिक सूचना दी 27 वर्षीय कमलेश दूध का व्यवसाय करता है।

बताया कि 13 फरवरी से उसके पिता रघुवीर मेहरा भोपाल जाने की बात कह कर घर से बैग लेकर निकले, घर ना आने पर फोन किया तो मोबाइल बंद मिला दूसरे दिन गुरारिया रोड पर नहर के पास लाश मिलने की खबर लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे, देखा कि रघुवीर मेहरा की लाश है। पुलिस द्वारा मौत के कारण का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## नगर में शिव बारातों की रही धूम, महिलाओं ने किया रात्रि जागरण

# महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में हुए रात्रि जागरण

### शिवालयों में महाशिवरात्रि पर सुबह से अभिषेक, पूजन के लिए नर-नारियों की भारी भीड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



रविवार की रात्रि में महा शिवरात्रि पर्व की धूम-धाम बनी रही। शिव मंदिरों एवं जिन घरों में फुलेरा बांधा जाता है। महिलाओं के रात्रि जागरण कार्यक्रमों में शिव बारातें लगने, भजन कीर्तन, सुंदरकांठ के पाठ से नगर एवं ग्रामों का माहौल शिव भक्तिमय बना रहा।

नगर के शिवालयों में महाशिवरात्रि पर सुबह से अभिषेक, पूजन के लिए नर-नारियों की भारी भीड़ रही। रात्रि में महिलाओं द्वारा चारों पहर की विशेष पूजन भगवान शंकर माँ पार्वती की भक्तिभाव से कि गई महिलाओं के रात्रि जागरण में धार्मिक भजन कीर्तन मंडलों द्वारा किए गये मार्केटिंग सोसायटी प्रांगण स्थित शिव मंदिर में सुंदरकांठ का संगीतमय पाठ शिव भक्तों द्वारा किया गया। कामतोन में पूर्व सरपंच हीरा भैया धाकड़ महाशिवरात्रि पर बाहर से आये कलाकारों द्वारा झांकी और भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

### लगी शिव बारातें

नगर के विभिन्न हिस्सों में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व मनाये जाने के साथ शिव भक्तों द्वारा अलग-अलग छोटी-छोटी शिव बारातें लगने के साथ शिव पार्वती विवाह की रस्में निभाने, शिव भक्तों की सक्रियता बनी रही। कार्यक्रमों में महिलओं की सबसे अधिक सक्रियता बनी रही।

### क्षेत्र के नर्मदा मैया आश्रम में हुआ रात्रि जागरण

नर्मदा मैया के उत्तर तट स्थित पुल घाट के पास राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल परिवार द्वारा संचालित नर्मदा मैया सेवा आश्रम स्थित शिवालय में आसपास के ग्रामों से आए शिव भक्तों की भारी उपस्थिति रही। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल परिवार के सभी सदस्यों ने सपत्नी भगवान शंकर और माता पार्वती की विशेष पूजन, अभिषेक के साथ शिव आराधना में रात्रि जागरण किया रात्रि में धामक भजनों का कार्यक्रम भी हुआ।

# नगर में आयोजित सप्त दिवसीय शिवपुराण कथा का हुआ समापन

## पांच कन्याओं के हुए विवाह, भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

महाशिवरात्रि महोत्सव के अन्तर्गत श्रीशिव अखाड़ा व्यायाम शाला द्वारा सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। रविवार को कथा का समापन, भंडारे, प्रसादी वितरण के साथ हुआ दोपहर बाद धूम-धाम के साथ नगर में शिव बारात निकाली गई। जिसमें पाँच दूल्हा भी साथ रहे।

शिव बारात का प्रेम नगर कॉलोनी में समापन होने के बाद पाँच कन्याओं के सामुहिक विवाह की रस्में निभाई गई। पाँच जोड़ों के वरमाला कार्यक्रम में भक्तों के साथ वर-कन्या पक्षों के सदस्यों की उपस्थिति बनी रही।



### वर-वधु को आशीर्वाद-

शिव अखाड़ा, व्यायाम शाला के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में पाँच कन्याओं के विवाह में सुनील राय की मुख्य भूमिका रही। वर-वधुओं को सुनील राय के साथ पार्षद पूरन धाकड़, हरीचरण बारीबा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, कैलाश ठाकुर, सूरत सिंह मेहरा, संजय शर्मा, शारदा सराठे इत्यादि ने सभी वर-वधुओं को नव दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया गया।

## फरवरी में ही 29.6 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान, सुबह-शाम की बची ठंड

# बढ़ते तापमान से किसानों की बढ़ी चिंता, पीली पड़ रहीं खड़ी फसलें, उत्पादन पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

फरवरी माह में अचानक बढ़ते तापमान ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय गेहूं की फसल बालियों में दाने भराव के अहम दौर से गुजर रही है। ऐसे में तापमान में तेजी आना फसलों के उत्पादन पर असर डाल सकता है।

हालांकि सुबह-शाम हल्की ठंडक जरूर है, लेकिन दोपहर में तेज धूप फसलों पर असर डाल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेतों में सिंचाई का अंतराल कम कर रहे हैं, ताकि फसल को नमी मिलती रहे और गर्मी का असर कम हो सके।

जिले के कई गांवों में गेहूं की फसल दाने भरने की अवस्था में है। इसी समय अधिक गर्मी पड़ने से दाने का विकास प्रभावित होता है और दाना सिकुड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञ नकतरा कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ स्वनिल दुबे के मुताबिक 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान गेहूं के लिए नुकसानदायक साबित होता है। यदि मार्च के पहले पखवाड़े में गर्म हवाएं चलीं तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।

किसान रामस्वरूप पटेल, भुजेंद्र सिंह जादोन, नवेद मंसूरी ने बताया कि गेहूं चना "फसल अच्छी खड़ी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पत्तियां पीली पड़ रही हैं। समय पर सिंचाई कर रहे हैं, फिर भी गर्मी का असर दिख रहा है।"

### जानकारों ने कहा - सिंचाई और निगरानी पर दें जोर

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे फसल की नियमित निगरानी करें। खेतों में दरारें पड़ने या पत्तियों के मुरझाने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत सिंचाई करें। साथ ही संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाएं, ताकि फसल को पोषण मिलता रहे। फिलहाल किसानों की नजर आसमान और तापमान पर टिकी हुई है। लेकिन बढ़ती गर्मी ने चिंता की लकीरें जरूर खींच दी हैं।

जिले में फरवरी माह के मध्य से अचानक बढ़े तापमान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रवि सीजन की प्रमुख फसल गेहूं और चना में पीलेपन के लक्षण दिखाई देने लगे हैं। खेतों में फसल की बढ़वार पर असर पड़ने से उत्पादन घटने की आशंका जताई जा रही है।



### जिला कृषि विभाग की एडवाइजरी जारी

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को फसल की नियमित निगरानी और हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि दोपहर के समय खेतों में नमी बनाए रखना जरूरी है। जिन खेतों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी है, वहां स्प्रे करने की सलाह दी गई है। तापमान बढ़ने की स्थिति में फसल को 'हीट स्ट्रेस' से बचाने के लिए सुबह या शाम के समय सिंचाई करें। साथ ही रोग और कीट प्रकोप पर नजर रखें। क्योंकि बदलते मौसम में रोगों की संभावना भी बढ़ जाती है।

### विशेषज्ञों की राय- वैज्ञानिक पद्धति से करें देखभाल

रवि सीजन की फसलों की कटाई मार्च माह से शुरू हो जाएगी। यदि आने वाले दिनों में तापमान सामान्य रहा तो नुकसान सीमित रह सकता है। उप संचालक कृषि अधिकारी केपी भगत का कहना है कि अन्नदाताओं को अभी घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक पद्धति से देखभाल करने पर अच्छी उपज मिल सकती है। विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत कृषि विभाग से संपर्क करें। समय पर सिंचाई, संतुलित उर्वरक उपयोग और नियमित निरीक्षण से फसल को बचाया जा सकता है। किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि मौसम का मिजाज स्थिर रहेगा और मेहनत का फल मिलेगा।

### बाहरी मजदूरों की आमद हुई शुरू

फसलों की संभावित कटाई को देखते हुए बसों और ट्रेनों से बाहर के जिलों और राज्यों से मजदूरों का परिवार सहित आना शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेत मालिक मजदूरों से संपर्क साध रहे हैं।ताकि कटाई के समय श्रमिकों की कमी न हो। पिछले वर्षों में अचानक मौसम परिवर्तन के कारण जल्द कटाई करनी पड़ी थी। जिससे मजदूरों की मांग बढ़ गई थी।

### मार्च में कटाई की संभावना

इस बार अब तक पाले की गंभीर स्थिति नहीं बनी है। यदि आगामी दिनों में भी पाला नहीं पड़ता है और तापमान नियंत्रित रहता है, तो अगले माह गेहूं की कटाई शुरू होने की संभावना है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौसम अनुकूल रहा तो मार्च में फसल कटाई का काम गति पकड़ सकता है।

### फर्क नहीं पड़ेगा

अचानक बढ़े तापमान से फसलों का रंग थोड़ा पीला हो गया है। होली तक मौसम में उतार चढ़ाव होता है। इससे फसलों की उत्पादकता पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है।

**- केपी भगत,** उप संचालक कृषि विभाग।

# पीएम सड़क की बदहाली से वाहन चालक हो रहे परेशान

## आलमपुर से सहजपुर तक मौत का सफर



### विकास के दावों को गड्ढों में दबाकर सोया प्रशासन, जिम्मेदारों की चुप्पी से ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी आलमपुर से रजपुरा और सहजपुर से तिजालपुर पिछले काफी समय से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हैं।

ऊबड़-खाबड़ और गहरे गड्ढों वाली इस सड़क पर एम्बुलेंस का आना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अपनी सरकार के विकास के बड़े-बड़े दावे करते है, लेकिन धरातल पर सड़कें चलने लायक भी नहीं बची हैं। अगर किसी राहगीर के साथ अनहोनी होती है, तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि आगामी 10 दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया, तो वे सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन और एसडीएम कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

### आए दिन हो रहे हादसे

सड़क पर बने गहरे गड्ढे बारिश में पानी भर जाने के कारण राहगीरों, विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों के लिए घातक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार लिखित आवेदन दिए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक मौके का मुआयना तक नहीं किया।

### जांच करवाता हूं

आपने द्वारा मामला संज्ञान में आया है, मैं क्षतिग्रस्त सड़कों की जांच करवाता हूँ।

**- आरएस तिवारी,** जीएम प्रधानमंत्री सड़क रायसेन

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**दीवानगंज।** रेलवे स्टेशन के पास ग्राम पंचायत सेमरा के गांव रेलवे लाइन के उस पार टपरिया निवासी बादाम सिंह गणेश सिंह लोधी उम्र लगभग 32 वर्ष की रविवार देर रात दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कि रविवार रात करीब 11:30 बजे वह रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी दोनों ओर से ट्रेन आने से वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए 24 तक मांगे आवेदन

**रायसेन।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आयोध्या की तीर्थ यात्रा के लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से 24 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना की पात्रता रखने वाले शहरी क्षेत्र के आवेदक नगरीय निकाय में तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक संबंधित जनपद पंचायत में आवेदन जमा कर सकते है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रायसेन जिले के 779 तीर्थ यात्री अयोध्या तीर्थ दर्शन के लिए ट्रेन के माध्यम से 10 मार्च को रवाना होंगे तथा तीर्थदर्शन उपरांत 13 मार्च को वापस रायसेन आएंगे। तीर्थयात्रियों के साथ 16 अनुरक्षक और पांच सुरक्षाकर्मी भी रवाना होंगे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन अधिनियम विषय पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें सभी जिला अधिकारियों को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत कार्यालयों में समितिसां गठित किए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यशाला में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश जैन ने अधिनियम के तहत समिति गठित किए जाने, समिति के सदस्यों का चयन, शिकायत प्राप्त होने पर की जाने कार्यवाही की प्रक्रिया सहित अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की भी जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स प्रार्थना मिश्रा द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओ का लैंगिक उत्पीडन अधिनियम (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के संबंध में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। शाखा प्रभारी शिवानी राजपूत द्वारा शी बॉक्स पोर्टल के संबंध में जाकारी प्रदान की गई एवं सभी विभाग अधिकारियों को पोर्टल पर जानकारी अधतन करने के संबंध में बताया गया।

# श्रमयोगी मान धन योजना के तहत लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में श्रम योगी मानधन योजना का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में असंगठित कामगारों के श्रम योगी मानधन के कार्ड बनाकर बीमा भी किए जा रहे हैं। जिसमें 60 साल की उम्र के बाद 3000 पेंशन मिलेगी।

इसमें 18 वर्ष से 40 वर्ष तक की आयु के लोग भी शामिल हैं। जिनकी न्यूनतम बीमा राशि 55 रुपए से लेकर 200 तक है। उनसे यह राशि जमा कराए जा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए श्रमिकों के आधार कार्ड ,बैंक की पासबुक और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता है। इसमें रजिस्ट्रेशन सीएससी के माध्यम से किया जा रहा हैं। शिविर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। शिविर में आईएएस कुलदीप पटेल, नपा सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव रानी तिवारी उपस्थित रहीं।




# श्रीराम अश्वमेघ यज्ञ व रामकथा शुरू, निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गीदगढ़ गुफा मंदिर पर श्री रामादल शिव शक्ति गौ सेवा जन कल्याण समिति द्वारा श्रीराम अश्वमेघ यज्ञ, नव कुंडात्मक यज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिवस भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। यात्रा डीजे, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर यज्ञ स्थल तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष लगाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यज्ञ एवं राम कथा का आयोजन प्रतिदिन धार्मिक विधि-विधान के साथ किया जाएगा।



श्रीराम कथा चंद्र मोहन तिवारी के मुख से रोज सुनाई जाएगी। 22 फरवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन, प्रोटेक्शन एक्ट की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शिवपुरी जिले के करैरा में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सोमवार को वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जिला अभिभाषक संघ के नेतृत्व में सभी वकीलों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह को ज्ञापन सौंपा और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग दोहराई।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि 14 फरवरी को करैरा में कुछ अराजकतत्वों द्वारा अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने प्रदेशभर के अधिवक्ताओं को झकझोर कर रख दिया है।



रायसेन जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी और महिला कार्यकारिणी सदस्य अनुराधा विश्वकर्मा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लगातार अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं, जिससे वकालात पेशे से जुड़े लोगों में भय का माहौल बन रहा है। अधिवक्ताओं ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से राज्य सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर ठोस कदम उठाने की मांग की।

## हत्या के विरोध में सिलवानी अधिवक्ता संघ का ज्ञापन, प्रोटेक्शन एक्ट की मांग

**सिलवानी।** जिला शिवपुरी में अधिवक्ता की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे न्यायालय जा रहे थे, तभी रास्ते में उन पर हमला किया गया। इस जघन्य घटना से प्रदेशभर के अभिभाषक समुदाय में शोक और आक्रोश का माहौल है।



घटना के विरोध में अधिवक्ता संघ सिलवानी ने अध्यक्ष राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के नाम सोमवार को नायब तहसीलदार गौरव शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि न्यायालय आते-जाते समय अधिवक्ताओं के साथ लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, जिससे उनके जीवन की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। संघ ने बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने की मांग रखी।

## टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर ने देखी विभागीय गतिविधियां

# कलेक्टर के निर्देश-राजस्व वसूली में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने विभागीय गतिविधियों, अभियानों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रगति की विस्तार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा में अनुभागवार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के निराकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रकरणों के निराकरण की गति धीमी है। सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से समयावधि में निराकरण कराएं। इसी प्रकार राजस्व वसूली में भी तेजी लाने निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस से बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने कहा। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं निर्विघ्न और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हों। कलेक्टर ने डीईओ से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की जानकारी लेते हुए कहा कि परीक्षाएं निर्विघ्न और सुचारू रूप से सम्पन्न हों। इसी प्रकार सभी एसडीएम को सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का विश्लेषण करने तथा अवगत कराने निर्देशित किया।

### कलेक्टर ने सभी एसडीएम को बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के लिए कहा



### जनगणना के पहले चरण में मकानों की होगी गणना

कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित अधिकारियों से कहा कि जनगणना का कार्य प्रारंभ हो रहा है जिसमें प्रथम चरण में मई माह में मकानों की गणना होगी और दूसरे चरण में लोगों की गणना की जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को जनगणना ड्यूटी लगती है, वह अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

### स्वीकृत पीएम आवासों का शीघ्र पूर्ण कराने दिए निर्देश

इसी प्रकार नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए उन्होंने स्वीकृत पीएम आवासों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश पीओ डूडा को दिए। उन्होंने गीता भवनों के निर्माण हेतु निकायों में भूमि आवंटन सहित आगामी कार्यवाही, पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की।

पीएम श्रमयोगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पीओ डूडा तथा सभी सीएमओ को निदेश दिए कि अधिक से अधिक संगठित श्रमिकों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।

## कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्राचार्य मनोहर ने कहा- कौशल आधारित शिक्षा ही आत्मनिर्भरता की कुंजी है

### मेहंदी प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित अल्प अवधि स्वरोजगार प्रशिक्षण (मेहंदी) के प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मनोहर लाल कोरी द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी राघवेंद्र सिंह राजपूत ने प्रभावी ढंग से किया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वरोजगार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में कौशल आधारित शिक्षा ही आत्मनिर्भरता की कुंजी है। उन्होंने मेहंदी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।



वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा ने वर्तमान समय में स्किल डेवलपमेंट की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षक सिदरा जहां ने भी अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि अल्पकालीन प्रशिक्षण भी यदि समर्पण से किया जाए तो वह सफल करियर का आधार बन सकता है।